प्रेस नोट

कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड,जोधपुर पूर्व

दिनांकः 09.06.2023

।। 10 घण्टे मे अपहृत व्यक्ति महीपाल सारण दस्तयाब ।।

।।घटनाकारित करने वाले मुख्य अभियुक्त सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार।।

घटनाः-दिनांक 07.06.2023 को प्रार्थीया सुश्री सीमा पुत्री श्री घेवरराम जाति जाट(सारण) निवासी थबुकडा पुलिस थाना बनाड, जोधपुर पूर्व ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट दी की कि आज शाम करीब 8.30 बजे श्रवण राव का मेरे पास फोन आया कि आपका भाई महीपाल अपनी दुकान के सामने खडा था जिसे एक बिना नम्बरी गाडी मे 6-7 जने आये जिनमे पप्पूराम सारण, सूरेन्द्र सारण, परसाराम सारण वगैरा थे जिन्होने आपके भाई के साथ मारपीट कर अपहरण कर ले गये। वगैरा पर प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की गयी।

श्रीमान रविदत गौड पुलिस आयुक्त जोधपुर ने अपहरण घटना की गंम्भीरता से देखते हुए अपहृत व्यक्ति महीपाल सारण की दस्तयाबी व घटना कारित करने वाले मुलजिमानो शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये जिसपर डॉ.अमृता दुहान पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व व श्रीमान नाजिम अली अति.पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन मे श्रीमान पियुष कविया सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर,जोधपुर पूर्व के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी मण्डोर मय जाब्ता व मन् थानाप्रभारी सहदेव उनि के नेतृत्व मे थाना हाजा की अलग अलग टीमे गठीत की गयी।

कार्यवाहीः श्रीमान पियुष कविया सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर के निर्देशन मे गठीत टीमो द्वारा घटनास्थल जगह से जाने वाले सम्भावित रास्तो पर लगे सीसीटीवी फुटेज का रात भर अवलोकन व तकनीकी साधनो का उपयोग लेकर गठीत टीम द्वारा दिनांक 08.06.2023 को अपहरण करने वाले मुलजिमानो का लोकेशन के आधार पर भोपालगढ थानान्तर्गत एरिया सरहद रजलानी मे पीछा किया तो मुलजिमानो ने अपहृत व्यक्ति महीपाल सारण पुत्र श्री घेवरराम जाति जाट उम्र 25 साल निवासी थबुकडा थाना बनाड को घायल हालत गाडी से पटक भाग गये जिसपर अपहृत व्यक्ति महीपाल को दस्तयाब कर शीघ्र इलाज हेतु महात्मा गांधी अस्पताल भर्ती करवाया गया।

गठीत टीम द्वारा अपहरण करने वाले मुलजिमानो का पीछा कर मुख्य आरोपी प्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र श्री दुर्गाराम जाति जाट(सारण),सुरेन्द्र पुत्र श्री जगदीशराम जाति जाट(सारण) व जितेद्र पुत्र श्री सुरजाराम जाति जाट(सारण) निवासीयान जाजीवाल भाटीया को आज दिनांक 09.06.2023 को दस्तायाब कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मुलजिमानो से अनुसंधान व फरार शेष मुलजिमान की लोकेशन ट्रेस हो गयी है जिन्हे शीघ्र दस्तयाब कर प्रकरण सरशब्ज किया जायेगा। प्रकरण मे अनुसंधान जारी है।

तरीका ए वारदातः अपहृत व्यक्ति महीपाल सारण व आरोपीयो के मध्य दिनांक 07.06.2023 को शाम करीब 08.30 बजे पूराने बकाया लेन देन की बात को लेकर बोलचाल व लडाई झगडा हुआ तब आरोपीया ने महीपाल सारण को जब्बरदस्ती उठाकर अपनी ब्रेजा गाडी मे डालकर भोपालगढ रोड होते हुए नांदिया-कुडी-भोपालगढ-आसोप-नाडसर पहुच कर सरहद रजलानी सुनसान खेतो मे हाथ पैर बांध कर जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। जिनका पुलिस द्वारा लोकेशन ट्रेस कर त्वरित कार्यवाही कर मुलजिमान तक पुलिस की पहुच हो जाने की भनक मुलजिमानो को लगने से मुलजिमानो ने आपाथापी मे अपहृत व्यक्ति को चलती अपनी गाडी से रोड पर फैंक कर भाग गये।

प्रथम दृष्टिया घटना का कारण- अपहृत व्यक्ति महीपाल सारण मे मुख्य आरोपी प्रकाश उर्फ पप्पु सारण के द्वारा करीब 3-4 साल पहले उधार दिये 06 लाख रुपयो के लेन देन का मामले की बात को लेकर रजिंश के चलते दिनांक 07.06.2023 को शाम 8.30 बजे लडाई झगडा व उक्त अपहरण की घटना घटित हुई।

गिरफ्तार मुलजिमान-

(1) प्रकाश उर्फ पप्पू सारण पुत्र श्री दुर्गाराम जाति जाट(सारण)

(2) सुरेन्द्र पुत्र श्री जगदीशराम जाति जाट(सारण)

(3) जितेद्र पुत्र श्री सुरजाराम जाति जाट(सारण) निवासीयान जाजीवाल भाटीया पुलिस थाना बनाड, जोधपुर पूर्व

गठीत टीमेः

प्रथम टीमः श्री बी.आदित्य आईपीएस(प्रो.), जोधपुर पूर्व
श्री ईश्वरचन्द पारिक नि.पु थानाधिकारी थाना मण्डोर
श्री श्यामलाल कानि.2456 थाना मण्डोर

दितीय टीमः श्री सहदेव उनि थाना प्रभारी बनाड
श्री रामनिवास हैड कानि 1013 थाना बनाड
श्री मदनलाल हैड कानि.952 थाना बनाड
श्री सुरेश ठोलिया कानि.2422 थाना बनाड
श्री प्रकाश सींघड कानि.1819 थाना बनाड
श्री बीरबल खोजा कानि.3044 थाना बनाड

तृतीय टीमः श्री गंगाराम सउनि थाना बनाड,
श्री परमेश्वरलाल सउनि थाना डांगियावास
श्री राजेन्द्र कानि.1870 आसुचना अधिकारी थाना बनाड
श्री ओमप्रकाश कानि.1555 थाना बनाड

चतुर्थ टीमः- श्री जसवंतसिह उनि (प्रो) थाना बनाड
श्री महीपाल मीणा हैड कानि.1847
श्री सुभाषचन्द मीणा कानि.1110 थाना बनाड
श्री माणकचन्द कानि.1426
श्री रवि गोदारा कानि.925
श्री अनिल मीणा कानि.2803

साईबर टीमः श्री राकेशसिह सउनि साईब्रर ब्रांच जोधपुर पूर्व
श्री जितेन्द्रसिह हैड 1718 साईब्रर ब्रांच जोधपुर पूर्व

भवदीय
सही/-
(सहदेव उनि,)
थाना प्रभारी
पुलिस थाना बनाड
जोधपुर पूर्व